p>**14.02 hrs.**

Title: Need to construct a four-lane over-bridge on rail line at Mohan Nagar, Ghaziabad, Uttar Pradesh.

**डॉ. रमेश चन्द तोमर (हापुड़) :** अध्यक्ष महोदय, गाजियाबाद से दिल्ली को जाने वाली रेलवे लाइन पर मोहन नगर में एक लाइन का ओवरब्रिज बना हुआ है। यह मार्ग दिल्ली (आनन्द विहार, आई.टी.ओ.) को जोड़ता है। यह फ्लाई ओवर अत्यन्त संकरा होने के कारण वहां अक्सर जाम लगा रहता है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश से दिल्ली को जाने वाले 70 प्रतिशत वाहन इसी ओवरब्रिज से होकर गुजरते हैं। एक लाइन का ओवर ब्रिज होने के कारण यहां वाहनों की अत्यधिक संख्या एवं वाहनों के अक्सर खराब होने के कारण इस पर जाम लग जाता है। जह जाम ओवर ब्हिज से लेकर वसुन्धरा तथा वैशाली तक पहुंच जाता है और जाम खुलने में कई घंटे लग जाते हैं। इससे न सिर्फ समय की ब्रबादी होती है, अपितु हजारों लीटर डीजल/ पेट्रोल की बर्बादी भी हो जाती है जिस कारण प्रदूाण फैलता है। जाम की इस समस्या से आम जनता विशोकर दिल्ली में कार्य करने वाले कर्मचारियों, व्यापारियों, अधिकारियों एवं नेताओं को दिन-प्रति-दिन रूबरू होना पड़ता है जिस कारण सड़क मार्ग से जाने वाले कर्मचारी, अधिकारी एवं व्यापारी कार्यालय में समय से नहीं पहुंच पाते। अतः मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि मोहन नगर ओवर ब्रिज को चार लेन का बनाया जाए ताकि दिन-प्रति-दिन होने वाली जाम की समस्या से निजात मिल सके।